सोचने लगा, आखिरस कौन इस शुन्यता में प्रबेश कर मेरी निद्रा भंग कर दिया। इस प्रश्न का उत्तर अभी मैं न प्राप्त कर सका। क्यों ऐसा होता है। दोपहर को भी 'स्वप्न' में सुबह होती है। क्या दोपहर को भी रात होती है। परन्तु मैंने सोचा शायद सुबह से तात्पर्य है जागरण से तथा रात का तात्पर्य है अज्ञानता से अन्धकारता से। फिर क्यों रात में स्वप्न कभी-कभी सही प्रतिफल देते हैं। परन्तु नहीं स्वप्न का जीवन से एक सम्बन्ध है जो निरन्तर चलता रहता है जब तक जीवन है तब तक स्वप्न है। इसीलिए तो किसी ने ऊब कर रख कह दिया जीवन स्वप्न है। शायद उसने 'स्वप्न' से ऊबकर जीवन और स्वप्न के बीच 'में' शब्द लगाना भूल गया। वस्तुतः होना चाहिए या 'जीवन में स्वप्न' है।

'जीबन में स्वप्न' है या जीवन स्वप्न है, इसका निर्णय तो हम आप करेंगे के वास्तव में कान-सा खरा उतरता है। जो सही उतर जाय वही यथार्थ है। अतः स्वप्न की यथार्थता हम आप के समझने से है।

———

कुरूप सौंदर्य

(छात्र जीवन से सम्बन्धित मार्मिक कहानी)

आनन्द शंकर उपाध्याय कृषि अभियन्त्रण तृतीय वर्ष

सिद्धार्थ क्लास से निकला ही था कि पीछे से किसी ने आवाज दी—"सिद्धार्थ, सिद्धार्थ ने मुड़ कर देखा तो शितांशु दौड़ता हुआ आ रहा था। पास आते ही उसने कहा" सिद्धार्थ परसों सोमवार को हमारा जन्म दिन है। तुम जरूर आना। मैं तुम्हारा इन्तजार करूँगा।

"लेकिन शितांशु मुझे अफसोस है, शायद मैं तुम्हरे जन्म दिन के अवसर पर न आ सकूँ।" "सिद्धार्थ ने उसकी तरफ देखते हुये कुछ सोच कर जवाब दिया।

"लेकिन ऐसा क्यों? क्या कारण है न आ सकने की" शिताशु ने हकलाते हुए पूछा। बात तो कुछ ऐसी नहीं मगर मैं नहीं आ सकूँगा। "सिद्धार्थ ने कुछ उदासीन जवाब दिया।" अगर कोई बात नहीं तो फिर मैं यह समझू कि तुम्हारा दिल अभी तक मेरे लिये साफ नहीं हुआ और इसलिए तुम आने से इन्कार कर रहे हो। शितांशु ने कहा। "शिताशु तुम ऐसा मत सोचों, मेरा दिल तुम्हारे लिये विल्कुल साफ है" सिद्धार्थ ने विश्वास दिलाने की कोशिश की। "जब ऐसा ही है ता आने से इन्कार क्यों कर रहे हो"।

तुम मेरी मजबूरी नहीं समझ सकते शितांशु, ठीक है अगर तुम चाहते ही हो तो मैं आऊगा।

लेकिन क्या मजबूरी है, मुझे भी बताओ। शायद मैं तुम्हारी मदद कर सकूँ।

"नहीं कोई बात वैसी नहीं असल में मैं अपनी बदसूरतो के कारण नहीं आना चाह रहा था और मैं गरीब आदमी कोई अच्छी चीज भी नहीं दे सकता।"

"तो इसमे उदास होने की क्या वात है? ऊपर की बरसूरती और खूबसूरती अपने बस की तो नहीं। रहा उपहार देने की बात तो जरूरी नहीं कि उपहार दिया ही जाय। बस तुम आ ही जाना। यही मेरे लिये सबसे बड़ा उपहार है" शितांशु ने मुस्कराते हुये कहा।

शितांशु की बात सुन कर सिद्धार्थ ने कहा—"अच्छा तो तुम निश्चिन्त रहो मैं जरूर आऊँगी।

सिद्धार्थ की उम्र लगभग अट्ठारह साल की थी। शरीर का रंग काला था। चेहरे की बनावट भी अच्छी नहीं थी। लेकिन उसका दिल ऐसा था कि क्लास में कोई भी लड़का उसकी तरह दयालु और पढ़ने में तेज नहीं था। वह हर परीक्षा में प्रथम आता था। यही बात उसके कुछ साथियों को बुरी लगती थी कि एक बदसूरत लड़का उनसे अधिक नम्बर पाये और परीक्षा में प्रथम आये। इस लिये वे सब उसकी बदसूरती का मजाक उड़ाते और उसे इतना छेड़ते कि वह तिलमिला जाता और अपनी बदसूरती पर ही गुस्सा करने लगता। मगर उफ करना उसने नहीं सीखा था। इस दुख को भूलने के लिये वह अपना सारा ध्यान पढ़ाई की तरफ लगा देता।

शितांशु क्लास का सबसे बदमाश लड़का था। वह शिक्षक के रहते हुए भी सिद्धार्थ को छेड़ा करता था। मगर इधर कुछ दिनों से शितांशु में एक परिवर्तन सा आ गया था शितांशु ने सिद्धार्थ से दोस्ती कर ली थी। बात बात पर सिद्धार्थ को छेड़ने वाला शितांशु घण्टों उसके पास बैठकर बातें किया करता और हँसी मजाक किया करता जैसे सिद्धार्थ ही उसका गहरा दोस्त हो।

करने को तो शितांशु ने सिद्धार्थ से मजाक कर दिया, मगर वह यह नहीं समझ पा रहा था कि क्या करे। उसकी आँखों में सिद्धार्थ का उदास चेहरा घूम रहा था। मगर उसने थोड़ी देर बाद ही यह बड़बड़ाते हुये कलम उठाया कि इसी मूर्ख के कारण मैं परोक्षा में प्रथम नहीं आ पाया हूँ। और लिखने बैठ गया।

प्रिय सिद्धार्थ,

मूर्ख राज कभी आईना देखने को मिला है कि नहीं ?

मैं और तुमसे दोस्ती करूँ ; तुम्हारी बुद्धि में भूसा भरा मालूम पड़ता है। पता भी है आज क्या तारीख है। अगर न मालूम हो तो मैं बता देता हूँ कि पहली अप्रैल है, और अधिक मूर्ख बनने से अच्छा है यहीं से लौट जाओ और फिर कभी मुझसे बात करने की कोशिश न करना। मैंने तुमसे दोस्ती सिर्फ इस लिये किया था कि तुम्हें मूर्ख बना सकूँ और उसका प्रभाव तुम्हारी पढ़ाई पर पड़े।

तुम्हारा
कुँवर शितांशू शंकर

सोमवार का दिन था। सिद्धार्थ के पास कुल तीस रुपये थे उसने उन पैसों को बड़ी कठिनाई से बचा पाया था जो उसके स्कूल खर्च के लिये मिला करते थे बहुत सोच विचार करने के बाद उसने शितांशु को उपहार में देने के लिये २५ रुपये की बहुत ही सुन्दर एक कलम खरीदी और शितांशु के घर की तरफ चल पड़ा। लेकिन ज्योंही वह शितांशु की कोठी पर पहुँचा और अन्दर जाने ही वाला था कि चौकीदार ने उसे रोक लिया, और उसकी ओर देखते हुए एक लिफाफा बढ़ा दिया सिद्धार्थ हैरान होकर लिफाफे हाथ में थाम लिया और वह उसे खोल ही रहा था कि किसी के चिल्लाने की आवाज सुनकर

चौक पड़ा कोई चिल्ला कर के कोठी में से सहायता के लिये पुकार रहा था। सिद्धार्थ तीर की तरह लपका और दृश्य को देख कर उसके मुख से भी चीख निकल पड़ी। शितांशु बुरी तरह आग से लिपट चुका था। उसके कपड़ों से आग की लपटें निकल रही थी और वह इधर उधर भाग रहा था। सिद्धार्थ आग बुझाने के लिए कुछ खोज रहा था। मगर जब उसे कुछ न मिला तो वह दौड़ कर दूसरे कमरे में गया जहाँ उसे एक कम्बल मिल गया। वह दौड़ कर शितांशु के पास पहुँचा और कम्बल को इस ढंग से फेंका कि वह उसके ऊपर चारों तरफ फैल गया। एकाएक हवा बन्द होने से आग बुझ गई। सिद्धार्थ ने शितांशु को कम्बल में लिपटा कर पलंग पर लिटा दिया ताकि कुछ भी भय न रहे। थोड़ी देर बाद जब सिद्धार्थ ने कम्बल हटाया यह देख कर आश्चर्य का ठिकाना न रहा कि शितांशु बिल्कुल ठीक था बस सिर के बाल झुलस गये थे और कपड़े जल गये थे। कम्बल हटाते ही शितांशु की नजर सिद्धार्थ पर पड़ गयी और वह चीख मारकरसिद्धार्थ से लिपट गया। जब सिद्धार्थ ने अलग किया तो वह बेहोश हो चुका था। सिद्धार्थ ने चौकीदार को जो पास ही खड़ा था डाक्टर बुलाने का आदेश दिया और स्वयं शितांशु के किनारे बैठ कर घर का निरीक्षण करने लगा। वह हैरान था कि आखिर जन्म दिन के अवसर पर घर में अभी तक उसने उसके और चौकीदार के अलावा किसी को भी नहीं देखा था। अचानक उसे लिफाफे का याद आया उसने जल्दी जल्दी अपनी जेब टटोली मगर बेकार उसका कहीं पता नहीं था, और वह यह सोचर उठा ही था कि शितांशु ने कसमसा कर करवट बदली और धीरे से आँख खोल दी। सिद्धार्थ को अपने पास खड़ा देख कर वह फिर सिद्धार्थ से लिपट गया और गिड़गिड़ाने लगा "सिद्धार्थ। मेरे दोस्त मुझे क्षमा कर दो, अब मैं तुम्हें कभी बदसूरत नहीं कहूँगा, सिद्धार्थ मुझे माफ कर दो"।

सिद्धार्थ हँसने लगा कि आखिर शितांशु किस बात का क्षमा मँग रहा है, उसने प्यार से शितांशु का हाथ अपने हाथ में लेते हुये पूछा" आखिर क्यों क्षमा करें ; क्या बुराई की है तुमने मेरे साथ।

"क्या तुम्हें मेरा पत्र नहीं मिला ;" शितांशु ने आश्चर्य से उसकी तरफ देखते हुए पूछा।

"मिला तो था परन्तु पढ़ने का मौका नहीं मिला" सिद्धार्थ ने जवाब दिया। कहाँ है वह पत्र ; शितांशु ने पूछा।

"वह तो इस भाग दौड़ में ही खो गया। ठहरो मैं खोजकर लाता हूँ। हो सकता है उस कमरे में पड़ा हो जहां तुम जाते थे। सिद्धार्थ उठते हुए कहा।

शितांशु ने उसका हाथ पकड़ लिया—"सिद्धार्थ उसकी कोई जरूरत नहीं। उसे खोलने की कोशिश मत करना और अगर कहीं मिल भी जाये तो पढ़ने की कोशिश मत करना, तुम्हें मेरी कसम है"। शितांशु ने गिड़गिड़ाते हुए कहा।

"अच्छा छोड़ो यह बताओ जल कैसे गये"। सिद्धार्थ ने यह देख कर इस बात से शितांशु को बहुत दुख हो रहा है, बात बदल दिया।

"जब मैं खत लिख कर उठा तो मेरे सिर में कुछ दर्द महसूस होने लगा। घर में आज कोई नहीं है। मम्मी और डैडी आज किसी दोस्त के यहाँ गये हुये हैं और नौकर भी छुट्टी लेकर घर गया हुआ है इस लिए मैं स्वयम् ही चाय बनाने उठा। स्टोव जला ही रहा था कि न जाने किस तरह से आग स्प्रिट के टीन में लग गई और टीन फट गया, सिद्धार्थ उस समय तुम अगर न आये होते तो मैं दूसरी दुनिया में पहुँच गया होता" यह कहते हुए शितांशु के आँखों में आँसू आ गये।

सिद्धार्थ कुछ कहने ही वाला था कि किसी के आने की खबर सुनाई दी। वह उधर देखने लगा डा० के साथ एक मर्द और एक औरत कमरे में प्रवेश किया जो बहुत ही घबराये हुए थे वे शितांशु के डैडी मम्मी थे।

शाम को जब सिद्धार्थ उसके पास ने लौटने लगा तो उसने वह कलम भी शितांशु को जबरदस्ती दे ही दिया। शितांशु लाख कहा कि मेरा जन्म दिन नहीं था। सिद्धार्थ ने बस इतना कहा कि" आज की इस भयानक घटना से बच जाने के उपलक्ष में इसे स्वीकार करो।

फाटक से निकलते ही सिद्धार्थ को शाम की सरसराती हवा में वही लिफाफा फड़फड़ाता नजर आया एक क्षण के लिए उसके मन में आया कि क्या लिखा है। मगर फिर कुछ सोच कर उसने ऊपर पैर रखता हुआ बढ़ गया।

———

अर्न्तद्वन्द

शशांक गुप्त बी० एस० सी० (कृषि) प्रथम वर्ष

अव्यवस्थित तो अब भी हूँ, अति। यह कोई अर्ध समाप्त अवस्था नहीं–प्रणाली ही कुछ ऐसी है। आत्म संतुष्टि ही मेरा लक्ष्य रहा होता·····काश।

मौलिक के विचारों का विरोध, तुम्हारी स्वीकृति और मैं शान्तिपूर्वक सुनता रहा। वह कहता गया, तुम उत्साहित करती रहीं और मैं अपने प्रति स्वयं का भयानक रूप देखता रहा, स्वयं हतोत्साहित सा पीछे आ छुपा। तुम स्वयं पर हँसी थी, अति।

कोई विरक्ति बार-बार स्वयं को पुकार रही है। एक और क्षीण स्वर उसकी प्रतिध्वनि बन गूँज रहा है–वास्तविकता, वास्तविकता, वास्तविकता.....कोई खो गया क्या ?

वास्तविकता स्वयं को स्वर देती है, स्वयं मुझमें वास्तविकता खोजता है, तुम मौलिक को उत्साहित करती हो और मैं लोलक-सा झूलता रहूँगा।

हम इस बात से अनभिज्ञ नहीं हैं कि लक्ष्य प्राप्ति हमारा लक्ष्य है। इस यात्रा का आधार सरलता के मार्ग और अस्तित्वहीन स्वार्थ मार्ग दर्शन की परिभाषा का स्रोत था। इसमें मौलिक का स्थान कहाँ ?

मौलिक का क्षेत्र कला है, रुचि उसकी प्रेरणा और निपुणता उसका अन्त। लेकिन हमारा अन्त नहीं है। फिर अति, परिवर्तन से अस्थिरता की पगडंडियों में क्यों उलझ रही हो ?

तुम असंतुष्ट रहीं, स्वयं भयभीत, वास्तविकता लुप्त, मैं अव्यवस्थित और कारण–हम अपने लक्ष्य का शीर्षक न समझ पाये।

प्रेतात्मा

जमाल अहमद सिद्दीकी सिक्योरिटी आफिस ए० ए० आई०

चाहे तुम्हें विश्वास न हो मेरी बातों पर परन्तु मैं सत्य ही कहता हूँ देवराज। इस खंडहर को देखकर मुझे ऐसा आभास होता है कि भूतपूर्व दिनों में मैं इसमें रह चूका हूँ। कदाचित पूर्व जन्म में। यह खंडहर उस समय महल था जिसमें रानी तिलोत्तमा के पंकज मानिन्द पाओं में बँधी पायल की स्वर लहरी गूँजती रहती थी, पर लुटेरों ने इसे लूटकर कंगाल बना दिया, निर्यात के कठोर ब्यधात ने इसकी भव्यता को छिन्न-भिन्न कर दिया। वर्तमान नीरवता से लाभ उठाकर पक्षियों ने सपरिवार डेरा डाल दिया है। संसार इसे आज खंडहर को संज्ञा देकर तिरस्कार करता दूर जा वसा है। इस महल के फटे आँचल से झाँकती स्मृतियों की हृदयविदारक कहानी किसी को नहीं मालूम, पर मैं यह तो कह ही सकता हूँ कि इन शिला खंडों की वास्तविक कहानी जान लेने के पश्चात् प्रत्येक प्रेमी अश्रु के दो कण अवश्य ही इस पावन वसुन्धरा के वक्ष पर गिरा देगा। "तुम तो कवि होते जा रहे हो दिनकर" देवराज वोला। अपने घोड़े को झाड़ से बाँधकर दिनकर ने खंडहर में प्रवेश किया। देवराज भी पीछे-पीछे चलता रहा। दिनकर ऐसे प्रवेश कर रहा था मानो वह यहाँ के कोने-कोने से परिचित हो। सीढ़ियों को पार कर वह ऊपर के एक कक्ष में पहुँच कर बोला "इस कक्ष के पश्चात आगे एक विशाल कक्ष होगा, जहाँ रानी तिलोत्तमा सम्राट अशोक के एकमात्र पुत्र रत्न बृहद को नृत्य दिखाया करती थी।" देवराज ने जब कमरे को पार किया तो सचमुच उसे एक बड़ा हाल मिला। दिनकर बोल पड़ा मेरी बातें कहाँ तक यथार्थ हैं तुम समझ गए होंगे, देवराज। आगे के कमरे से ऊपर जाने के लिये सीढ़ियाँ हैं। तिलोत्तमा नित्य प्रातः संध्या वहीं से खड़ी होकर अपनी पताका लहराते हुए देखा करती थी, तिलोत्तमा मौर्यवंश की नहीं थी, इसीलिये उसकी घृणात्मक दृष्टि अपने और मगध के बीच उत्तर की तरफ दिखायी देने वाले दुर्ग की तरफ उठती। जानते हो वह किसका दुर्ग था। वह था पुष्यमित्र शुंग का दुर्ग। जो तिलोत्तमा का भूतपूर्व मंत्री था, उसी ने तिलोत्तमा को पाने के लिये उसके पति की हत्या की थी, पर वह अबला ही नहीं वीरांगना भी थी उसके हाथों में चूड़ियाँ ही नहीं तलवार भी शोभा पाती थी। पति के निधन के बाद उसने स्वयं ही राज की बागडोर सम्हाली। पर धृष्ट पुष्यमित्र यूँहीं अपनी पराजय स्वीकार करने वाला नहीं था, उसने आक्रमण की तैय्यारी कर ली। अब तिलोत्तमा ने सम्राट अशोक को लिख भेजा कि आप सम्राट हैं मेरी रक्षा करें। सम्राट ने निवेदन स्वीकार कर लिया। वस्तुतः अपने पुत्र बृहद को पचीस हजार अश्वारोहियों के साथ तिलोत्तमागढ़ भेजा।

भाष्कर की किरणें पश्चिम अंतरिक्ष की गोद में समा जाने को आतुर शीतल हो चली थी। निशा की कालिमा क्रमशः गहन हो चली थी। खंडहर के ऊपरी भाग में शयनकक्ष में उल्लुओं की कर्कश चीख

वातावरण की नीरवता को भेदती दूर अंतरिक्ष की सीमा से टकराकर सम्पूर्ण खंडहर में गूँज जाती थी। पवन के झकोरों से विद्रोह करते तरुपल्लव रह-रह कर एक अज्ञात वेदना से चीत्कार कर उठते थे। मोमबत्ती की थरथराती लौ अपने मध्यम प्रकाश से खंडहर के उस कमरे को अलौकित कर रही थी। देवराज सो रहा था, परन्तु दिनकर की आँखों में नींद कहाँ, कक्ष की दीवार से अधलेटा मोमबत्ती की लौ को देख रहा था। वह दूसरे कमरे में पायल की आवाज सुनकर चौंक पड़ा। आवाज पास आती गयी। दिनकर को रोमाँच हो आया। उसका शरीर थरथराने लगा। पायल की आवाज अटक पर आकर रुक गयी। दिनकर ने अपने नेत्र बन्द कर लिये, पर उसके कान द्वार की तरफ लगे रहे। वृहद ! आवाज आयी, फिर शी-शी ये किसी नारी कंठ की आवाज थी। दिनकर मौन प्रतिमा के सदृश्य पड़ा रहा। बृहद पुनः आवाज आयी, कौन ? दिनकर चौंककर बोला। उसका उच्च स्वर सम्पूर्ण कक्ष में गूँज गया। पायल की आवाज दूर जाने लगी। दिनकर को ऐसा आभास हो रहा था कि कोई स्त्री तेज कदमों से भागी जा रही है। पायल की मोहनी झनकार अब भी सुनायी पड़ रही थी। देवराज की निद्रा भंग हो गयी, चौंककर बोला, "पुलिस आ गयी क्या दिनकर," सुनो, हाथ से चुप रहने का संकेत करते हुए दिनकर ने कहा, कुछ सुना तुमने।

देवराज ने नकारात्मक ढंग से सिर हिला दिया। पायल की आवाज तुम्हें नहीं सुनायी दी, नहीं, कहीं तुमने स्वप्न तो नहीं देखा "हाँ कदाचित स्वप्न ही था। ऊँ, हूँ, सो जा पागल देवराज करवट बदलते हुए बोला।

दिनकर की आँखों में नींद कहाँ। थोड़ी देर बाद पायल का स्वर फिर सुनायी पड़ा। दिनकर के साहस ने जोर मारा, वह कक्ष से बाहर चला आया, चारों तरफ अन्धकार था। दीवार का स्पर्श करता कमरे के दरवाजे से दूर जा खड़ा हुआ। पायल की झनकार फिर निकट आती गयी। दिनकर को अंधेरे में कुछ दिखने लगा। उसने देखा एक स्त्री है, जिसकी अलकें बिखरी हुई हैं। तन पर काले कपड़े का झीना आवरण पड़ा हुआ है। पाँवों में पायल है। अवस्था २० से अधिक न थी। अंग-अंग से यौवन उमड़ रहा था। मुख देखते ही दिनकर अतीत की स्मृत्तियों में लीन हो गया। उसे स्मरण आ रहा था कि इसे मैंने कहीं देखा है। वह छाया आकर कक्ष के द्वार पर पुनः खड़ी हो गयी, एक बार अन्दर झाँकने के पश्चात बोली बृहद.....अब दिनकर धीरे से उसके पीछे जाकर खड़ा हो गया और बोला तुम कौन हो ?" वह चौंककर मुड़ी और भाग चली। दिनकर पीछा करता रहा अन्त में विशाल कक्ष के समीप पहुँचते-पहुँचते लपककर आगे खड़ा हो गया और फिर बोला तुम कौन हो ?" वह करुण स्वर में बोली बृहद तुमने हमें पहचाना नहीं, "मेरा नाम बृहद नहीं दिनकर है।"

तुम कुछ भी हो पर मेरे लिये बृहद ही रहोगे। मुझे पहचानो मैं तिलोत्तमा हूँ, तुम्हारे लिये प्रेत बनकर इस गढ़ी में निवास करती हूँ। मुझे कुछ स्मरण नहीं मैं केवल इतना ही जानता हूँ कि वर्तमान अंग्रेजी राज्य का विद्रोही दिनकर हूँ, जिसके पीछे पुलिस घूम रही है, मैं इस खंडहर की शरण आया हूँ। मैं जानती थी कि तुम एक न एक दिन अवश्य ही आओगे। बृहद तुम अपने अतीत की स्मृतियों को भूल

चुके हो, मैं तुम्हें सब बताती हूँ, तुम सम्राट अशोक के एकलौते पुत्र रत्न बृहद हो, और मैं तुम्हारी आर्या तिलोत्तमा। सुनो...तिलोत्तमागढ़ खूब सजाया गया था। चारों तरफ नगाड़ों की ध्वनि गूँज रही थी।

राजकुमार बृहद ने अपने बृन्द के साथ सूर्यास्त पश्चात तिलोत्तमागढ़ के नगर में प्रवेश किया। नगर के नर-नारियों ने आरती लेने के पश्चात फूल फेंके। राजकुमार को सवारी किले पहुँची, किला भी खूब सजाया गया था। पुष्यमित्र शुंग का अधिकार तिलोत्तमागढ़ के पाँच सौ वर्गमील उत्तर की तरफ हो चुका था। जब उसने सुना कि सम्राट ने तिलोत्तमा की रक्षा हेतु अपने राजकुमार को भेजा है, तब वह रातों रात भाग खड़ा हुआ तथा तीन हजार सीमा रक्षक वन्दियों को मुक्त कर दिया। जब यह समाचार रानी तिलोत्तमा को मिला तो उसका अंग-प्रत्यंग आनन्द से पुलकित हो उठा। रानी तिलोत्तमा जब अविवाहित थी तभी बृहद की बहादुरी की चर्चा सुना करती थी, पर देखा नहीं था। सोचती भयानक यूनानियों को खदेड़ने वाला बृहद सचमुच ही अपने पिता की तरह बहादुर होगा। ऊसके हृदय में अनेकानेक सुन्दर आकृतियाँ नृत्य कर उठती। ऐसा सुन्दर अवसर वह छोड़ना नहीं चाहती थी, पर यह सोचकर कि मैं विधवा हूँ विचलित हो जाती कि वह अपने पतझड़ को लेकर कैसे वसन्त के समक्ष जाएगी, परन्तु तत्क्षण वह ऐसे विचारों को अपने हृदय से निकाल फेंकती, सोचती, कुमार अभी नवयुवक हैं, क्या प्रेम के स्वप्न नहीं देखते होंगे। उनसे कैसे मिलूँ, न वह उद्यान में आते हैं, नःकहीं घूमने ही निकलते हैं। आज कुमार को आए हुए तीन दिन हो गए परन्तु तिलोत्तमा की कामनाएँ पूर्ण नहीं हुई। आज उसने एक उपाय ढूँढ़ ही ली।

कुमार अपने कक्ष में बैठा सखा जयन्त से बातें कर रहा था। जयन्त बोला आर्य, आपकी कामनाएं सफल हो सकेंगी इसमें मुझे संदेह है, "तुम्हारी बातें कुछ सीमा तक वाँछनीय हैं" कुमार बोला "परन्तु आश्चर्य की बात है कुमार जयन्त बोला रानी ने अभी तक आपको महल में नहीं बुलाया, कोई दूसरी होती तो न जाने कितनी बार मिल चुकी होती। क्यूँ बार-बार भूल जाते हो कि वह शुंग वंश की विधवा है, जिसके लिये बसन्त की रंगीन छटा और पतझड़ की उदासी दोनों बराबर हैं। अमीय और हलाहल में कोई अन्तर नहीं। अभी ये दोनों मित्र आपस में बातें ही कर रहे थे कि द्वारपाल ने प्रवेश किया। महाराज महल की परिचारिका आपसे मिलना चाहती है। कदाचित रानी का कोई संदेश लाई। अन्दर आने दो "एक परिचारिका सामने आकर खड़ी हुई शीश झुकाकर बोली महाराज रानी ने आपको स्मरण किया है।" हाथ में लिये थाल को सामने कर दिया। थाल से एक गिलोरी निकाल कर राजकुमार ने मुँह में रख लिया, और तत्काल उठकर परिचारिकाके साथ हो लिया। महल के दो तीन कक्ष को पार करके वह रानी तिलोत्तमा के रंग कक्ष में पहुँचे। परिचारिका के संकेत पर एक ओर लगे आसन पर बैठ गये। सामने एक पार दर्शक आवरण पड़ा हुआ था। जो छत को एक कड़ी से लटका कर फैला दिया गया था। दूसरीं तरफ तिलोत्तमा एक आसन पर बैठी हुई थी। कुमार ने बहुत प्रयास किया परन्तु एक आकृति के सिवा कुछ भी नहीं देख पाया। आर्य...मैंने एक बात का अनुरोध करने के लिये आपको कष्ट दिया है। मैं चाहती थी कि इस आन्तरिक वार्तालाप को कोई न जान सके इसके लिये आप मुझे क्षमा करें। "निःसंदेह आप कहें" कुमार बोला।

आर्य पुष्यमित्र आपके भय से अभी भाग गया है, सम्भव है आपके चले जाने के बाद फिर आतंक मचाना शुरू कर दे। आप उसे कोई दंड दें ताकि भविष्य में वह इधर आने का साहस न करे। "आप ठीक कहती हैं मैं कल ही राजदूत भेज दूँगा। तभी प्रकाशपर्ण से एक बाण सनसनाता हुआ और छत से लगी आवरण डोर को काटता कक्ष के कोने में जा गिरा। आवरण धराशायी हो गया। बृहद चौंक कर खड़ा हो गया। तिलोत्तमा ने अपने मुख पर घूँघट खींच लिया, और दूसरे कमरे में भागना चाहा, पर बृहद ने लपक कर तिलोत्तमा के दोनों बाँहों को पकड़ लिया। कुमार ने घूँघट उठा दिया। "आर्य आपने यह अच्छा नहीं किया। तिलोत्तमा मैं जानता हूँ कि मैं दंड का भागी हूँ, तुम हमें दंड दे सकती हो। कामना थी तुम्हें देखने की सो जान सका कि त्रेतायुग की अहिल्या भी तुम्हारे समक्ष आए तो मात खा जाए। आर्य, आप एक विधवा के सौन्दर्य की प्रशंसा कर रहे हैं। बृहद का सम्पूर्ण शरीर झनझना उठा, बोला, महारानी मैं दंड का भागी हूँ, आपको दंड देने का सर्वथा अधिकार है।" मैं आपके अपराध का दंड संध्या को बाग में सुनाऊँगी, अवश्य आइयेगा। मैं प्रतीक्षा करूँगी। तिलोत्तमा मुस्कराती हुई वहाँ से चली गयी।

"क्यूँ आर्य दर्शन हो गए? महारानी के, कक्ष में प्रवेश करता जयन्त बोला, हाँ, हुआ तो परन्तु रहस्य कुछ समझ में नहीं आया?" कुछ पुरष्कार दो तो बताऊँ। "अच्छा तो यह तुम्हारी ही शरारत थी।" अरे वाह जी नेकी करूँ और हत्यारा कहलाऊँ। मैंने तो यह सोचा कि इस आवरण को काट दूँ, अन्यथा आप देवी के दर्शन से वन्चित रह जाएँगे। अब आप के लिये शरारत हुई, देखो आर्य पुरस्कार दो या न दो पर लाछन न लगाओ।

"मैं पुरस्कार स्वरूप जीवन दे सकता हूँ परन्तु तुम्हारे उपकार का बदला नहीं चुका सकता।" अच्छा छोड़ो इन बातों को, पहले यह बताओ कि क्या-क्या बातें हुई। "उस समय तो कुछ अधिक बातें नहीं हो सकी परन्तु संध्या को बाग में बुलाया है। तब तो पाँचों उँगली घृत में जयन्त मुस्करा कर बोला।

पल-पल व्यतीत हो रहे थे। कुमार को एक-एक क्षण वर्षों की भाँति लग रहे थे। रह-रह कर वह स्वयं ही देख आते कि अभी संध्या होने में कितना विलम्ब है। अन्त में सूर्य की परिक्रमा पुर्ण हुई, और कुमार तेज कदमों से बाग की ओर चल पड़े। मन्द-मन्द पवन में एक विचित्र प्रकार के सुगन्ध का समावेश हो रहा था। बाग के खिले फूलों पर मंडराते भौंरों की भनभनाहट से बाग का कोना-कोना गुन्जित हो रहा था। सरवर के अंग में छाए कोमल पंकज को छेड़ती-इठलाती बत्तखों का झुन्ड इधर-उधर घूम रहा।

बृहद ने चारों तरफ देखा परन्तु तिलोत्तमा कहीं दृष्टिगोचर नहीं हुई, अंत में वह सरवर के तट पर बैठकर थरथराते जल तरंगों को देखने में लीन हो गया। अभी कुमार के बैठे देर भी नहीं हुई थी कि किसी ने अपने कोमल हाथों से उसकी आँखें बन्द कर लिया। बृहद उठकर खड़ा हो गया। देखा तिलोत्तमा खड़ी मुस्करा रही थी। बोला महारानी आपका अपराधी आपके समक्ष खड़ा है।

तिलोत्तमा मुस्करा कर बोली, अपराधी को प्रथम दंड यह दिया जाता है कि बिना आज्ञा प्राप्त किये इस गढ़ी से बाहर न जाए, दूसरा जो कुछ भी मेरा लूटा है मुझे वापिस कर दे।

तिलोत्तमा मैं तो स्वयं ही लुट गया, मेरा अमूल्य धन तुमने एक मुस्कान में लूट लिया। देखना इसे जरा सम्हाल कर रखना।

आर्य,...तिलोत्तमा अचेतना अवस्था में कुमार के अंग में समा गयी।

भाष्कर अंतरिक्ष की गोद में समा चुका था, क्रमशः निशा का अधिपत्य सम्पूर्ण विश्व पर छा गया था। पवन के मादक झकोरों से झूमते तरुपल्लव रह-रह कर मुस्करा उठते थे, कुमार को तिलोत्तमागढ़ में रुके लगभग एक मास व्यतीत हो गए। तिलोत्तमा और कुमार अत्यन्त निकट पहुँच चुके थे। चाह कर भी एक दूसरे से विलग नहीं हो पाते थे। पर मनुष्य की कामनाओं और विधि के विधान में कभी समानता नहीं होती, यही है नियति की विडम्बना। आज मगध से राजदूत आया है, सम्राट का संदेश लेकर। यूनानियों के पुनः आक्रमण आरम्भ हो गये हैं। महाराज अशोक अस्वस्थ हैं। अब बृहद को जाने के लिये विवश होना पड़ा। तिलोत्तमा के नेत्र रोते-रोते सूज गये, रोती हुई बोली आर्य मैं पल भर के लिये भी आपसे विलग नहीं हो सकती। ये शब्द तुम्हें शोभा नहीं देते, कुमार बोला। मैं यूनानियों को खदेड़ कर तत्काल वापिस चला आऊँगा। धैर्य रखो, तिलोत्तमा ने हृदय पर पत्थर रख लिया, अन्त में विलख ही पड़ी जाओ प्रिये ईश्वर तुम्हें सफलता प्रदान करे। राजकुमार बृहद ने तिलोत्तमागढ़ से प्रस्थान कर दिया।

आज क्या नगर, क्या गाँव प्रत्येक स्थान पर शोक का अन्धकार छाया हुआ था। नरनारियों के अश्रु रुकते ही न थे। राजकुमार की सवारी अविराम गति से चली जा रही थी। रह-रह कर बृहद की भी आँखें नम हो जाती थी, मानो उसका कुछ खो-सा गया हो। जब बृहद राजधानी पहुँचा तो देखा कि सम्राट रोग से पीड़ित हैं। बचने की कोई आशा नहीं है। सम्राट के सूखे नेत्रों में प्रसन्नता की ज्योति जग उठी, बोले बेटा बृहद हमें आशा है कि तुम राज्य को सम्हाल लोगे। तुम कल ही उत्तरी मासी को प्रस्थान कर दो, कदाचित यूनानियों ने पुनः आक्रमण कर दिया है। कुमार की आँखें बरस पड़ी "दुख न करो बेटा मैं सब दिन तुम्हारे साथ नहीं रह सकता, फिर भी जब तक तुम्हारा राज्याभिषेक न कर लूँगा प्राण न त्यागूँगा।

दूसरे दिन कुमार ने उत्तरी सीमा की ओर प्रस्थान कर दिया। सीमा तक पहुँचने पर ज्ञात हुआ कि यूनानियों के साथ भारतीय राजाओं ने भी विद्रोह कर दिया है। सात दिन तक घमासान युद्ध होता रहा, भारतीय राजाओं का दमन करता हुआ सातवें दिन पचास हजार अश्वारोहियों के साथ जयन्त भी रणक्षेत्र में आ पहुँचा उसी दिन बृहद युद्ध में धायल हो गया था। सेना पीछे हटने लगी थी परन्तु जयन्त के आ जाने से मानो सेना में ज्वाला मुखी जग गया। रातो-दिन जयन्त युद्ध करता रहा। आज युद्ध का दसवां दिन था, मगध से राजदूत आया है। महाराज का स्वास्थ्य चिन्ताजनक है। बृहद ने उसी

दिन राजधानी को प्रस्थान कर दिया। जयन्त युद्ध करता रहा परन्तु अब भारतीय राजा भी यूनानियों के साथ सम्मिलित हो गये थे।

बृहद जब राजधानी पहुँचा तब तक सम्राट का निधन हो चुका था। इस आघात को वह सहन न कर सका, वस्तुतः पुनः असवस्थ हो गया। राज्य वैद्यों ने अथक परिश्रम किया पर रोग बढ़ता ही गया।

बृहद के आने के पाँचवें दिन एक हृदय विदारक दुर्घटना का समाचार मिला, जयन्त लड़ाई में मारा गया। चन्द्रवंशियी ने भी विद्रोह कर दिया। इस घटना से बृहद को अत्यन्त ठेंस लगी, परन्तु वैद्यों के अथक परिश्रम के पश्चात कुछ लाभ हुआ। विधाता का विधान तो सदा से प्रतिकूल ही था, अचानक तिलोचनागढ़ से एक दुखद समाचार आया, पुष्य मित्र ने पुनः चढ़ाई कर दी। बृहद के नेत्रों के समक्ष अंधेरा छा गया, उसके समझ में कुछ नहीं आ रहा था कि वह ऐसी दशा में क्या करे। फिर भी उसने सेना मन्त्री को भेजने की राय प्रगट की, अभी सेना ने प्रस्थान भी नहीं किया था कि पुनः समाचार मिला, रात्रि के अधेरे में शुंग सेनाओं ने विलोत्तमागढ़ के किले पर आक्रमण कर दिया। रात भर युद्ध के पश्चात पुष्य मित्र विजयी हुआ। रानी तिलोत्तमा ने अपने सतीत्व की रक्षा हेतु महल के उत्तरी पश्चिमी कोने से कूद कर आत्म हत्या कर ली।

तभी से तुम्हारी प्रतीक्षा इस दशा में कर रही हूँ।

दिनकर चौक कर बोला तिलोत्तमा.....और बढ़ कर उससे लिपटना चाहा, तिलोत्तमा ने पीछे हटते हुए उससे कहा मुझे छूने का प्रयास मत करो मैं प्रेतात्मा हूँ। हां बृहद चलो मैं तुम्हें उस स्थान को दिखा दूँ जहाँ से मैं कूदी थी"। तिलोत्तमा मैं उस स्थान को देखना नहीं चाहता, पर तिलोत्तमा उस ओर भाग चली, दिनकर पीछा करता रहा, अब वह उस स्थान पर था जहाँ से तिलोत्तमा कूदी थी। दिनकर आगे बढ़ता गया तिलोत्तमा रूपी छाया और आगे बढ़ी अचानक दिनकर के पैर दीवार से फिसल गए। एक भयानक चीख उषा काल को भेदती सम्पूर्ण खंडहर में गूंज गयी। कुछ ही समय के बाद दो प्रेमियों के अट्टाहास का शब्द कक्ष में गूंजा। देवराज ने चौक कर आँखें खोल दीं तत्काल ही वह चीखा दिनकर दिनकर, खंडहर के चारों तरफ खोजने के पश्चात जब वह उत्तर पश्चिम कोने पर पहुँचा तो वहाँ का वीभत्स दृश्य देख कर चीत्कार कर उठा, दिनकर के प्राण पखेरू उड़ चुके थे। सिर से रक्त की धार निकल कर पृथ्वी पर फैली हुई थी। दूर पुलिस की सीटी बजी देवराज ने थरथराते शरीर और कांपते हाथों से किसी प्रकार से शव उठाया खंडहर में ले गया और एक कोने में रखकर पत्थरो के टुकड़ों से उसे ढक दिया। अश्रुओं की श्रद्धान्जलि चढ़ा कर खंडहर से बाहर निकला।

उषा की लालिमा पूर्ण अन्तरिक्ष में खिलखिला उठी थी।

पक्षियों के स्वर भोर होने का संदेश दे रहे थे। देवराज अपने दोनों हाथों में दो घोड़ों की लगाम पकड़े चला जा रहा था।

उसके अश्रु वसुन्धरा के वक्ष पर गिरते और सूख जाते।

———

"दर्द"

राकेश कुमार गुप्ता अभियन्त्रण तृतीय वर्ष

बादलों की गड़गड़ाहट से सारा वातावरण गूँज रहा था। वर्षा की हल्की फुवारें धरती पर गिर-कर उसके आँचल में समाने का प्रयत्न कर रहीं थीं। राज अपने कमरे के बाहर, बरामदे में कुर्सी पर बैठा पानी की गिरती हुई बूँदों को बड़ी आशा से निहार रहा था। उसके गहन में उठते हुए विचारों का हुजूम शायद उसे, किसी के बारे में सोचने के लिए मजबूर कर रहा था। झिलमिलाती हुई बूँदों में उसे अचानक ही एक धुँधला सा चेहरा नज़र आने लगा।.....? हाँ, रीता ही तो है ? रीता ? याद आते ही जाने क्यों उसके शरीर में सिहरन सी हुई, दिल तेजी से धड़कने लगा।

राज न चाहते हुए भी अतीत की गोद में समाने लगा। उसके विचार बीते हुए सुनहरे दिनों की बगिया में विचरण करने लगे।

साँझ का धुँधलापन। वो घर के आँगन.में बैठा जाने किन विचारों में मग्न था। तभी अचानक ही किभी ने घर में प्रवेश किया—हो—रीता ही तो थी वह उसके पड़ोस की लड़की कचन के साथ—न जाने क्यों वह उसे अच्छी लगी बाद में पता चला उसके बारे में, नाम है "रीता" कितना प्यारा नाम था। वक त गुज़रता गया राज ने नवीं की परीक्षा दी वह सेकेण्ड डिवीजन से पास हुआ। उस समय शाम को उसके पड़ोस की सब लड़कियाँ उसके घर आयी थीं कंचन ने राज से उसके रिजल्ट के बारे में पूछा.....जाने क्यों तभी उसकी नज़रे रीता पर उठ गयीं.....खूबसूरत चेहरा.....दिल धड़कने सा लगा था अनायास ही उसके मुँह से निकल गया उसने कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है....., उफ़, कितना बड़ा झूठ बोला था उसने रीता की नज़रे अन्जाने में ही.....अनचाहे ही उसके ओर उठ गयी थी, स्वच्छ बेबाक नजरे.....एक नजर उसे देखा और नजर फेर लीं। कितनी शर्मीली लड़की थीं ?

उस पूरी रात वह सो नहीं सका था——
उसने.....उससे झूँठ क्यों बोला.....?? सिर्फ,
रीता को दिखाने के लिए...—या.....???

राज ने सोचा उसे यह झूठ को सच का रूप देना ही होगा ! दसवीं का साल करीब-करीब गुज़र चुका था परीक्षा के दिन निकट थे। राज परीक्षा की तैयारी में जुट गया। न जाने कितनी बार उसने रीता को कंचन के साथ आते जाते हुए देखा उसे महसूस होता था जैसे रीता ने कंचन से उसके बारे में कुछ कहा हो, पर——?? वो कर भी क्या सकता था कैसे कहता अपनी अन्जाम चाहत को उससे।

दिन बीतते गये। परीक्षायें समाप्त हो गयीं। रिजल्ट भी आया और राज जीवन में पहली बार प्रथम श्रेणी से पास हुआ——आखिर उसको सफलता मिल ही गयी। राज रीता के घर भी अक्सर जाने लगा था। कभी-कभी रीता भी उससे कुछ पूछने के बहाने उसे घर बुला लेती। जिन्दगी गुजरती जा रही थी।

तेजी से चमकती हुई बिजली की आवाज राज की तन्द्रा को भंग कर गयी। कितना दूर है रीता से——सिर्फ एक वाक्य की बदौलत——एक दिन बातों के सिलसिले के बीच रीता ही ने तो कहा था।

"राज तुम इन्जीनियर बनना" यह वाक्य राज के दिमाग में इस तरह असर कर गया कि ?? कक्षा में कालेज में उसने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आखिर यह घटना हो ही गयी। जुड़ती कड़ियाँ न जाने कैसे टूट कर बिखर गयीं रीता को राज से नफरत हो गयी। रीता ने राज से जो शब्द कहे उससे राज का दिल टुकड़े-टुकड़े हो गया। जी तो चाहा आत्म हत्या कर ले। पर नहीं—बहुत कमजोर था वह इतना भी न कर सका—वह सीधा रीता से अपनी गलती पूछेगा पर · · · · शायद हिम्मत नहीं थी उसमें। गलती किसी की भी नहीं थी—राज के गहरे मित्र ने उसे धोखा दिया था। क्या करता वो—कैसे समझाता वो रीता को।

साल,—लम्हों की तरह गुजर गया—राज घर से हजार किलोमीटर दूर इन्जीनियरिंग करने चला गया। लेकिन रीता की याद—उसके प्यार का दीपक अब भी राज के सारे जीवन को रोशन करता रहा। एक बार उसने रीता से पूछा भी—आखिर उसकी गल्ती क्या है—आखिर क्यों नाराज हो तुम मुझसे—पर रीता तो जैसे पत्थर की हो गयी थी—हाँ पत्थर ही की तो—अगर पत्थर की न होती तो वो कहती ? मुझे तुमसे कोई शिकायत नही है—पर—मेरे तुम्हारे रास्ते अलग-अलग हैं—राज की हिम्मत न हुई की वो उससे कुछ आगे कहे। उसने सोच लिया अब तो रीता के सामने अपनी मुहब्बत का इजहार कभी नही करेगा। खुद ही इस जहर को पियेगा चाहे उसे वो जहर धीमी मौत ही क्यों न दे।

वक्त अपनी रफ्तार से गुजरता रहा और राज—एक अनचाहे दर्द सीने में छुपाये हँसते हुए जिन्दगी का समय पूरा करता रहा।

बादल कुछ और तेजी से गरजे। पानी की बूँदे शायद कुछ और मोटी होने लगी थीं। राज के गालों से आँसू ढलक कर उसकी गोद में समा गए एक बार फिर वो अतीत में खो गया। रीता की शादी भी तय हो गयी है उसका पति बैंक में है। गर्मी की छुट्टियों में शादी होगी।—गर्मी में तो शायद वो घर पर होगा, हमारे किस्मत जिस डोली को वो अपने घर लाने के सपने देखता था उसे कही और जाते, क्या वो देख सकेगा, लेकिन इस बार किस्मत ने काफी समय बाद साथ दिया। राज को ट्रेनिंग के लिए कहीं जाना पड़ा। जब घर पहुँचा तो सब कुछ बदल चुका था·····सूना-सूना·····कुछ भी तो नहीं था उसका वहाँ, रीता ससुराल से घर आयी थी·····लेकिन·····अब तो उसके लिए सोचना भी पाप है, अब तो वह किसी और की अमानत है, उसकी माँग में किसी का सिन्दूर है।

बादल काफी तेजी से गरजे। शायद उन्हें भी उसके दिल के दर्द का एहसास हो रहा था···हँस दिया वो·····ये आवारा बादल उस पर हँसने के सिवा और कर भी क्या सकते हैं·····...···तुम जहाँ भी हो खुश रहो रीता, अगर अपनी खुशी के लिए राज से कभी जान भी मांगोगी तो वह इन्कार नहीं करेगा·····उसे अपनी मुहब्बत का इम्तिहान भी तो देना है·····काटों जैसे वक्त के लम्हों पर घिसटकर, ·····प्यार का अनचाहा दर्द सह कर———।

———

"बुझता दिया"

लाल राजेन्द्र प्रताप सिंह, कृषि अभियन्त्रण (द्वितीय वर्ष)

आज उसने तय कर लिया था कि वह नौकरी पर नहीं जायेगा। वह अब इस जिन्दगी से ऊब चुका था। दफ्तर में मालिक जान खाये रहता और घर आता तो बच्चे तंग करते, पापा भूख लगी। दूसरा कहता पापा हमारे लिए लड्डू नहीं लाए ! उसके पाँच बच्चे थे ! बीवी हमेशा बीमार ही रहा करती थी, जितना वह कमाता उससे ज्यादा तो अपनी बीवी के दवा-दारू में खर्च कर देता और महीने भर उसे तकलीफ उठानी पड़ती। बच्चे कभी कोई चीज माँगते तो यह कहकर टाल देता, बेटे बाहर जाकर खेलो, कल जब तनख्वाह मिलेगी तो लाऊँगा। बच्चे क्या जानते, बाहर जाकर खेलने में व्यस्त हो जाते मगर रमेश सोचता रहता, आखिर कब तक इन लोगों के साथ अन्याय किया जाय ? कब तक इनकी इच्छाओं का गला घोंटा जाय ? आखिर वे लोग भी तो बच्चे हैं दूसरों को खाता देखकर इनके मुँह में भी पानी आता होगा। वे सोचते होंगे कि हमारे पापा बड़े आदमी हैं। हम लोगों के लिए कभी कोई चीज नहीं लाते। बच्चे क्या जाने कि उन्होंने ऐसे अभागे घर में जन्म लिया है जहाँ उन्हें अच्छा खाना नसीब नहीं।

दिन रात परिश्रम करके भी वह पूरा नहीं कर पा रहे थे। नौकरी भी कोई अच्छी नहीं थी। एक प्राइवेट फर्म में कार्य करता था। सिर्फ १५०) रु० ही तो मिलते थे। उसी में उसे हर इन्तजाम करना था। दवा भी खरीदना पड़ता था तथा कुछ बचाना भी पड़ता था क्योंकि अभी एक बहन की शादी करनी थी। माँ-बाप पहले ही मर चुके थे, बीबी की बीमारी दिन ब दिन बढ़ती चली जा रही थी, अच्छे होने की कोई गुंजाइश न थी। उसने हर परेशानी को सहकर, बड़े-बड़े डाक्टरों को दिखाया मगर दवा से कोई फायदा नहीं हो रहा था। अब उसने भी सोच लिया था 'जो भाग्य में होगा वही होगा।'

इन झंझटों से फुर्सत पाकर जब दफ्तर जाता तो देर हो जाती। मालिक भूखे शेर की तरह दहाड़ता दफ्तर नहीं है, मानो खाला जी का घर समझ लिया है। जब मन हुआ आते हैं। नवाब साहब बने हैं। नहीं जानते कि आजकल हमारा कितना काम बढ़ा है। काम पूरा न हुआ तो कितना घाटा हो जायेगा। मैंने कई बार समझा दिया कि जरा जल्दी आया कीजिये, मगर समझ में ही नहीं आता। घर में कौन-सा काम करते रहते हो कि दफ्तर आने की याद नहीं रहती। सेठ धूंमन लाल कुर्सी से उठते हुए बोले 'देखो जनाब कल अगर टाइम से न आये तो दूसरी जगह ढूँढ़ लेना, हमारे यहाँ जगह नहीं है।

रमेश ठूंठे पेड़ की तरह खड़ा रहा। उसने हाथ जोड़ते हुए कहा 'बाबू जी मैं मजबूर हूँ मेरी बीबी की तबियत खराब है। अब वह यों ही दो-चार दिन की मेहमान है। बच्चे छोटे हैं उनके लिए खाना

बनाना, बीबी के लिए दिन भर की दवा का इन्तजाम करना पड़ता है। बहुत कोशिश करने पर भी थोड़ी देर हो जाती है बाबू जी मेरे ऊपर दया कीजिए मुझे दूसरी जगह मत भेजिये।' रमेश इतनी बात कहते-कहते रोने लगा मगर मालिक इतना पत्थर दिल का था कि पसीजने का नाम ही नहीं लेता फिर उसी तरह गरज कर बोला 'हम यह सब कुछ सुनना नहीं चाहते, तुम्हें काम करना है तो समय से आना होगा। परेशानी सबके साथ होती है। हमारे साथ भी परेशानी है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि नौकरी पर न जाय ! धूमन लाल बाहर चले गये मगर रमेश हमेशा की तरह कुर्सी पर बैठा फाइल के पन्ने पलटने लगा। आज उसका मन नहीं लग रहा था, वह सोच रहा था बड़े लोग इतने बड़े पाषाण हृदय के होते हैं। दूसरे के दुःख-दर्द को सुनकर भी इनका दिल नहीं पिघलता। इनके ऊपर मुशीबतें नहीं आती क्या। भगवान ने इनको बड़ा आदमी बनाकर मानो संसार का ठेका इन्हीं को दे दिया है जिसको चाहे रखे जिसको चाहे न रखे। जिसको जो चाहे कह डाले।' यही सब बातें काफी देर तक सोचता रहा, कभी-कभी उसके मन में यह भी विचार उठता कि क्यूँ न सबका गला दबाकर सब झंझटों से मुक्ति पा लूँ। ऐसी भी जिन्दगी क्या जीना जिसका कोई रस न हो। उसका ध्यान तब टूटा जब सामने दीवाल पर टंगी घड़ी ने छह के घन्टे बजाये। जल्दी-जल्दी दफ्तर बन्द करके चाभी जमा किया और घर की तरफ चल पड़ा। यही तो उसका रोज का धन्धा था। दफ्तर से घर जाना घर से दफ्तर। न कभी कहीं घूमने जाना न सिनेमा, न पार्क। आखिर उसके भी तो दिल है मगर मजबूर है। उसे यही चिन्ता लगी रहती कि अगर बीबी को कुछ हो गया तो उसके बच्चों का क्या होगा ? बहन भी बड़ी हो गई है उसकी कौन निगरानी करेगा ? सबसे छोटा बच्चा अभी माँ का ही दूध पीता था। सोचते-सोचते इतना लम्बा रास्ता तय कर लिया कि उसे पता न चला।

घर पहुँच कर देखा कि आज अभी तक खाना नहीं बना था। मन्जू ने दौड़कर बताया भैया आज भाभी की तबियत ज्यादा खराब है किसी डाक्टर को बुला लाइये। रमेश ने जाकर देखा सचमुच आज कान्ती की हालत गम्भीर थी उसे बुखार तेज था खाँसी भी काफी तेज आ रही थी। महीने की आज पच्चीस तारीख है उसके पास पैसा भी नहीं था। वह यही सोचता रहा किसके पास पैसा माँगने जाय। कौन उसे ऐसे समय में मदद करेगा। मालिक के पास जाने से कोई फायदा नहीं था, क्योंकि आँसू देखकर भी उसका दिल नहीं पसीजता। न जाने भगवान ने उसे दिल दिया ही नहीं क्या। दुःख मुसीबत में कभी माँगने जाइये तो खड़ा जवाब मिलता-महीने भर काम कीजिये। महीने भर का पैसा लीजिये। ऐसा धन्धा हम नहीं करते।

रमेश अभी विचारों में ही था कि उसकी बीबी ने आँचल से खोलकर कोई चीज रमेश की ओर बढ़ाई। रमेश ने ध्यान से उस चीज को देखा तो वह उसकी बीबी का आखिरी जेवर था। रमेश झटके से उठा और चल पड़ा दुकान की ओर। घर लौटा तो उसके साथ मशहूर डा० भारती थे। काफी देर परीक्षा करने के बाद डाक्टर साहब ने बड़े उदास चेहरे से कहा अब ये दो-चार घड़ी की ही मेहमान है अब इन्हें भगवान ही बचा सकता है। 'सुनते ही रमेश बौखला गया। डाक्टर के पैरों में गिरकर गिड़-

गिड़ाने लगा' डाक्टर साहव वचा लीजिये हमारी औरत को। वरना मेरा क्या होगा। मेरे दोनों छोटे बच्चे मर जायेंगे। डाक्टर साहब पैर छुड़ाकर ढाढ़स दिलाया' इस तरह घवड़ाने से काम नहीं चलेगा। जो तकदीर में होगा वह तो होगा ही। हमने वहुत कोशिस की मगर बेकार अब तो भगवान के ऊपर भरोसा रखो। कहते हुए डाक्टर साहब निकल आए अपनी फीस ली और चले गये रमेश उसी अन्धकार में डूबा रहा और जाकर कान्ती के चारपाई के पास धम्म से बैठ गया। दिन भर उसने वहाँ परिश्रम किया था। शाम को खाना भी नहीं मिला; अतः उसका मुँह सूख गया थ। वह एकटक कान्ती के चेहरे की तरफ देख रहा था।

कान्ती कभी आँख वन्द कर लेती कभी खोल लेती। रमेश भी दीवाल के सहारे लुढ़क गया। उसे एक झपकी आ गई। इसी वीच न जाने कव, उस अटूट वन्धन को जो पाँच आदमियों के सामने वाँधा गया था, यमराज के दूतों ने सदा-सदा के लिए खोल दिया, और छोड़ दिया रमेश को इस दुःखभरी दुनिया में भटकने के लिए।

रमेश की एकवारगी आँख खुल गई। उसने देखा दिया भी बुझा हुआ है। रमेश को क्या मालूम था कि इस टिमटिमाते हुए दिये में तेल खत्म हो चुका है। 'अब यह लाख-लाख कोशिश करने पर भी नहीं जल सकता। अब उसका घर हमेशा के लिए अन्धकारमय हो गया एक छोटा-सा दिया चाहे मिटटी का ही हो सारे कमरे को प्रकाशित करता है।

मन्जू ने भी देखा उस घर का दीपक हमेशा-हमेशा के लिए बुझ गया था।

अशोक कुमार वर्मा, कृषि अभियन्त्रण स्नातक द्वितीय वर्ष

हर रात उनकी तनहाई का आलम गरजते देखा
वे क्या रोयेंगे हमने सारी महफिल को रोते देखा
दूर ओझल आँखों से उनके गुलशन को उजड़ते देखा
हम तो सुलगते हीं थे पर उनको शमा पे जलते देखा
तोड़कर दिल हम सफर का उनको टूटकर बिखरते देखा
वे खुश थे पर उनकी आँखों में गम के अश्क उतरते देखा

निज भाषा उन्नति अहै

संजय कुमार लाल उप सचिव राष्ट्रभाषा परिषद

हिन्दी गुलामों की भाषा है न ?
हिन्दी गंवारों की भाषा है न ??
हिन्दी जाहिलों की भाषा है न ???

तभी तो आप अपनी बोल-चाल में तथा हर वाक्य में अँग्रेजी के शब्द अवश्य रखते हैं। हर दूसरा या तीसरा वाक्य अँग्रेजी का बोलते हैं। अपने निमन्त्रण पत्र आदि अँग्रेजी में छपवाते हैं। चाहे आप तथा निमंत्रित अँग्रेजी का एक अनुच्छेद भी सही न लिख सकें।

यह विज्ञापन है एक उच्च स्तरीय तथा प्रतिष्ठित गृह पत्रिका का, कितना सटीक विज्ञापन है, यह कोई भी जागृत रहने वाला कह सकता है। कहने का आशय यह कदापि नहीं कि अँग्रेजी खराब भाषा है अथवा इसका प्रयोग वर्जित होना चाहिए। मैं तो केवल इतना पूछना चाहता हूँ कि राष्ट्रभाषा की इतनी अवहेलना क्यों ? आज का युवा वर्ग हिन्दी के नाम पर नाक-भौंह सिकोड़ने लगता है। आपसी बातचीत में भी हिन्दी प्रयोग नहीं करता। हिन्दी बोलना अपमानजनक समझता है। अन्धानुकरण आत्म-हत्या का दूसरा नाम है। फिर न जाने क्यों लोग अधिक से अधिक मात्रा में अपना सर्वनाश करने पर तुले हुए हैं। अपने व्यक्तित्व को समाप्त कर दूसरे का रंग पोतना चाहते हैं। इस युवा वर्ग को अपने प्रदेश की भाषा से कोई मतलब नहीं, देश की भाषा की बात तो छोड़िए।

एक घटना याद आती है। एक बार सिनेमाघर में बड़ी लम्बी कतार लगी थी। एक लड़का महिलाओं वाली कतार में जाकर एक युवती से कहता है—बहन जी, जरा मेरे भी दो टिकिट खरीद दें।" युवती ने घृणा से मुँह फेर लिया। बेचारा लड़का अपना सा मुँह लेकर रह गया। थोड़ी देर बाद जब उस युवती का नम्बर आने वाला था, एक अन्य लड़का बड़ी अदा से आगे आया तथा बोला—प्लीज बाई मी टू टिकिट्स।" (कृपया मेरे लिए दो टिकिट खरीद दें)। बड़ी नम्रता से 'आफ कोर्स' कहकर उस युवती ने उससे पैसे लिए तथा दो टिकिट खरीद दिये।

एक और घटना याद आती है। एक बार रेलवे स्टेशन की आरक्षण-खिड़की पर स्त्रियों की बड़ी लम्बी लाइन थी। बड़ी भीड़ थी। दो सहेलियाँ, जिन्होंने सम्भवतः कुछ देर पहले आरक्षण करवाया था, अपना छुट्टा पैसा लेने आई। भीड़ देखकर दूर खड़ी हो गयी तथा एक भीड़ को धक्कियाते हुए घुसने का यत्न करने लगीं। "बहन जी कृपया आगे जाने दें", किन्तु किसी भी बहनों के कान पर जूं न रेंगी। वह उस बेचारी ने हार कर वापस अपनी सहेली को सब बताया। उसकी सहेली "अच्छा रुको मैं जाती हूँ" कह कर बड़ी अदा से चली। भीड़ में घुसी तथा बोली" "एक्सक्यूज मी, एक्सक्यूज मी, आए एम इन ग्र हरे, यू नो" प्लीज, "ओह थैंक्यू" इत्यादि कह कर वह युवती आसानी से रास्ता पा गयी और बचा पैसा ले आई।

ऐसे अनगिनत प्रसंग प्रस्तुत किये जा सकते हैं। आप राष्ट्रभाषा के महत्व देख रहे हैं। डा०

ग्रियसन आज अगर हिन्दी की स्थिति देखते तो कदापि यह न कहते—हिन्दी ही एक भाषा है जो भारत में सर्वत्र बोली और समझी जाती है ।" आज एक उच्च वर्ग ऐसा भी बन गया है जो स्पष्टत: यह मानता है कि उसका अपने देश, प्रदेश अथवा राष्ट्र के भाषा से कोई सम्बन्ध नहीं है तथा उस का घर पर न तथा बाहर के समस्त व्यवहार में अँग्रेजी का प्रयोग होता है । वह वर्ग बड़ी सहजता से यह स्वीकार करता है । कितने खेद का विषय है कि इनको इस बात का तनिक भी दुःख या ग्लानि नहीं कि भूतपूर्व शासकों की भाषा ने उसको अपने ही राष्ट्र के जन समूह से इतना अलग कर दिया कि इतना सब होने के पश्चात् भी वह अपने देश वासियों से बात करने की स्थिति में नहीं है अथवा उसके योग्य नहीं है ।

आज स्कूलों में अगर कोई बच्चा हिन्दी में तेज है तो उसे तिरस्कार के भाव से "पंडित" कह कर उसका अपमान किया जाता है, चिढ़ाया जाता है तथा हिन्दी न जानने वाला स्वयं को गौरवान्वित महसूस करता है तथा और अधिक घमण्ड से भर जाता है । ये होटल में जायेंगे या दुकान में खड़े होंगे तो ऐसा लगेगा जैसे हिन्दी जानते ही नहीं ।" बॉय हम आइसक्रीम जल्दी मांगता : "हम अच्छा आरेंज मांगता" ये नहीं होने को मांगता, "तुम मँहगा देता," "ठीक दाम बोलेगा तो लेगा, "इत्यादि इत्यादि । इन कटु वाक्यों को सुन कर कोई भी यह विश्वास नहीं कर सकता कि ये भारतीय ही हैं जिनकी भाषा हिन्दी है ।

आज नौजवानों की आम मांग है—"बीबी हो तो कान्वेन्ट की पढ़ी हुई ।" अर्थात अगर आपका अपना माध्यम हिन्दी रहा है तो आपकी शादी के आसार कम हो जायेंगे । आपके प्रति व्यवहार उचित नहीं होगा । आपका अपमान होगा । तिरस्कार होगा । मजे की बात तो यह है कि ये कभी प्रयत्न भी नहीं करते कि हम भी कुछ हिन्दी सीख लें । हालाकि हिन्दी से सरल कोई भी भाषा नहीं है । लोकमान्य तिलक के शब्दों में, "सरलता तथा शीघ्र सीख जाने वाली भाषाओं में हिन्दी सर्वोपरि है ।"

हमारे मन में राष्ट्रभाषा के प्रति निष्ठा होनी चाहिए—ये शब्द हैं महान साहित्यकार वियोगी हरि के । वास्तव में हिन्दी के प्रति जो अपमानजनक भाव तथा तिरस्कार भाव हैं उसका समूल नाश होना ही चाहिए है । हमको राष्ट्रभाषा के प्रति अपूर्व श्रद्धा होनी चाहिये । तथा इसका प्रचार एवं प्रसार तन, मन, धन से करना चाहिए । जैसा कि डा० राजेन्द्र प्रसाद ने कहा—"राष्ट्रभाषा का प्रचार करना मैं राष्ट्रीयता का एक अंग मानता हूँ ।" हिन्दी विश्व की महानतम् भाषाओं में स्थान रखती है तथा विश्व की सर्वाधिक सशक्त भाषाओं में से एक है । हिन्दी एक संगठित करने वाली शक्ति है ।" राष्ट्र का हित तथा एकता चाहने वालों को हिन्दी ही अपनानी पड़ेगी । यह प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है कि वह हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में आगे बढ़ाएँ ।

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने ठीक ही महा है—

निज भाषा उन्नति अहे, सब उन्नति को मूल
बिनु निज भाषा ज्ञान के, मिटे न हिय का सूल
और एक अतिलाभ यह, या प्रगट लखात
निज भाषा में कीजिये, जो विद्या की बात ।

———

आध्यात्मवाद बनाम भौतिकवाद

गौतम जोशी बी० एस० सी० (कृषि) अन्तिम वर्ष

इस संसार में आज विज्ञान अपनी उन्नति के शिखर पर क्यों न हो परन्तु इस रहस्यमय परम शक्ति...अर्थात ईश्वर की सत्ता को अब तक वह नकार नहीं सका है। अध्यात्मवाद...अर्थात परमतत्व की खोज...ईश्वर की खोज, मोक्ष की प्राप्ति, इस भौतिक संसार में होती है और इस भौतिक शरीर के द्वारा होती है...इस स्थिति में भौतिक वाद ही अध्यात्मवाद की प्राप्ति का एक भाग मार्ग दिखाता है।

आखिर में भौतिकवाद.. अध्यात्मवाद क्या है—कहाँ से हुई इन वादों की उत्पत्ति। पाश्चात्य दार्शनिक हेगेल के दर्शन के अनुसार प्रकृति के तीन रूप हैं, (१) जड़ रूप (२) रासायनिक रूप (३) प्राण रूप। जड़ रूप में यान्त्रिकता का साम्राज्य है। इस रूप में चैतन्य पूर्णतया सुप्त है। धीरे-धीरे चैतन्य का विकास होता है और जड़ रूप में विकसित होता है और फलस्वरूप गुणवत भेद उत्पन्न होते हैं। जड़ रूप और रासायनिक रूप का समन्वय होता है प्राण रूप में, और फलतः वनस्पति एवं पशु जगत का आविर्भाव होता है और साथ ही साथ पशु जगत में प्राण के साथ संवेदन शक्ति का विकास होता है। पशु जगत का सर्वोच्च शरीर मानव रूप है वहाँ प्रकृति का विकास पूर्ण हो जाता है और शक्ति चित् का विकास प्रारम्भ हो जाता है। चित् शक्ति का विकास मानव जीवन के विकास का इतिहास है। आत्मा मानव शरीर में अधिष्ठित रहकर किस प्रकार निरपेक्ष विज्ञान की ओर विकसित होती है, यह मानव की संस्कृति का क्रमिक विकास रहा है किन्तु सुप्ति के आदिकाल में मानव की चित् शक्ति एवं संकल्प शक्ति विकसित नहीं थी अतः मनुष्य की जीवन में आध्यात्मवाद का प्रादुर्भाव नहीं हुआ था। धीरे-धीरे चित् शक्ति का विकास होता गया और परिणिती व्यक्तिगत स्वतन्त्रता से पूर्ण स्वतन्त्रता की प्राप्ति निरपेक्ष विज्ञान में होती है। निरपेक्ष विज्ञान ही आध्यात्मवाद है।

बर्कले की दर्शन के अनुसार भौतिकवाद स्वयं एक विज्ञान है।

विज्ञान अर्थात अनुभव का विषय और चूंकि जगत् हमारी अनुभूति का विषय है इसलिए विज्ञान है। प्रत्येक विज्ञान एक पदार्थ हैं और अनुभव का विषय है। संवेदन रूपी विज्ञान ईश्वर सृप्त है तथा ये ही तथाकथित बाह्य जगत् हैं अर्थात भौतिक है और चूंकि बाह्य जगत् ईश्वर सृप्त है क्या ईश्वर ही परम तत्व है

आध्यात्मवाद का आधार भौतिकवाद है 'गीता' का सार इसका कितना सटीक उदाहरण है। गीता का सार कर्म द्वारा ईश्वर की प्राप्ति कर्म चूंकि भौतिक शरीर द्वारा ही संभव है आध्यात्म भी कर्म द्वारा संभव है। संसार की उत्पत्ति ईश्वर द्वारा हुई है और उसको प्राप्त करने का उपाय निष्काम कर्म-गीता के अध्याय १८वाँ श्लोक इसका सटीक उदाहरण हैं :—

यतः प्रवृति भूर्तानां ये न सर्वविद ततम्।
स्वर्मणा तमश्चर्य्य सिद्धि विन्दति मानवः॥

अर्थात जिस परमात्मा से सर्वभूतों की उत्पत्ति हुई और जिससे उस परमेश्वर को अपने स्वाभाविक कर्मों द्वारा पूजकर मनुष्य परम सिद्धि को प्राप्त होता है।

राष्ट्रभाषा परिषद् १९८२-८३

विनीत पीटर सचिव राष्ट्रभाषा परिषद प्रयाग कृषि संस्थान

इलाहावाद एग्रीकल्चरल इन्स्टीट्यूट, इलाहावाद

वार्षिक विवरण

इस महान देश की स्वतन्त्रता के बाद से ही हिन्दी जब राष्ट्र भाषा के रूप में आयी, उसी समय इस भाषा की उन्नति के लिए इस महाविद्यालय के अध्यापकों एवं छात्रगण ने एक राष्ट्रभाषा परिषद का गठन किया और इस परिषद की छत्रछाया में हिन्दी पुष्पित और पल्लवित होती रही।

परन्तु इधर १९७९-८१ तक का समय इस परिषद के अनुकूल नही रहा कुछ प्राकृतिक विपदाओं के कारण वर्ष १९७९ से १९८१ के बीच यह परिषद कार्य न कर सको।

इस वर्ष अर्थात सन १९८२ में पुनः इस संस्थान में राष्ट्रभाषा का गठन हुआ और इस परिषद के उद्घाटन हेतु श्री संजय सिंह राज्य मंत्री, धन एवं पशुधन विभाग, का आगमन इस संस्थान में दिनांक २२ अक्टूबर १९८२ को हुआ। उन्होंने प्रेम और सम्मान जैसी मानवीय भावनाओं को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस परिषद का भी यही उद्देश्य होना चाहिये। संसार में भारतवर्ष ही एक अकेला ऐसा देश है जहाँ हर जाति के लोगों को बराबर का हक है और खुशी की बात होगी जब कि अपने देश की भी एक ही भाषा होगी।

इस पुनीत अवसर पर, राष्ट्रभाषा परिषद परिवार ने यह निर्णय लिया कि अगले शिक्षा सत्र से अपने अहिन्दी साथियों की हिन्दी शिक्षा इस परिषद द्वारा संचालित की जायगी।

इस परिषद ने इस वर्ष संस्थान में एक निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित करायी।

आने वाले समय में मैं अपनी समस्त कार्यकारिणी सदस्यों सहित इस पुनर्जीवित परिषद के संचालन की आशा करता हूँ कि आगामी सत्र में गठित होने वाली कार्यकारिणी समिति इस परिषद को सही ढंग से संचालन करेगी।

With best compliments from :

U. P. SALES & SERVICE LTD.

LATOUCHE ROAD, KANPUR

Reginal Distributor for : KIRLOSKAR PRODUCTS

- **Kirlaskar Tractors 35 Hp to Hp 100 Hp Aircoole)**
- **Kirloskar Oil Engines 35 Hp to 55 Hp**
- **Kirloskar Electric Co. 5 Hp to 100 & above**
- **Kirloskar Brother for Industrial & Agricultural Pumps**
- **Kirloskar Oil Engines for Electric Diesel Generating set 3 S.K V.A to 500 K.V.A.**

Phone : PBX No.
—61894
—53772

Best compliments from :

SECO

Scientific & Electronic Corporation
Manufacturers & Wholesalers

Dealers in :

Scientific Instruments, Chemicals, Glass Warcs Gas Plants
Electronics Medico Surgical Surveying &Resarch Equipments

15/B ELGIN ROAD CIVIL LINES, ALLAHABAD-1

Phone [Off. : 2682
Res : 3327

Tomarrow is here Hold it

For Bright Carrier & Competition

Ring : 54479

PUSTAK BHAWAN

5, VIVEKANAND MARG,
ALLAHABAD-211 003 U. P.

Welcome you to the Wonderful World of Books

With best compliments from :

